भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1158

14 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

कच्चे इस्पात उत्पादन

1158. श्री मनोज कोटक:

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) 2030 तक कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़ाकर 300 मिलियन टन करने की स्थिति में है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भारतीय इस्पात प्राधिकरण की वर्तमान में कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(घ) 2030 तक सेल के आधुनिकीकरण और विस्तार कार्यक्रम के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित निवेश का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पिछले पाँच वर्षों के दौरान सेल के आधुनिकीकरण और विस्तार कार्यक्रम के लिए दी गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)और(ख): राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के अनुसार, 300 मिलियन टन देश में समस्त इस्पात उद्योग के लिए क्रूड इस्पात की उत्पादन क्षमता का लक्ष्य है और न कि सिर्फ स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का।

(ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की वर्तमान क्रूड इस्पात उत्पादन क्षमता 20.63 मिलियन टन प्रति वर्ष है।

(घ)और(ङ): सरकार आधुनिकीकरण एवं विस्तार कार्यक्रम के लिए सेल में निवेश नहीं करती है। इस व्यय को सेल द्वारा आंतरिक संसाधनों एवं उधार राशियों के माध्यम से पूरा किया जाता है।

****